रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 387] नई दिल्ली, शुक्रवार, जून 12, 2015/ ज्येष्ठ 22, 1937
No. 387] NEW DELHI, FRIDAY, JUNE 12, 2015/JYAISTHA 22, 1937

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 10 जून, 2015

सा.का.नि. 487(अ).— केंद्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उप-धारा (2) के खंड (घ) और (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—**
   (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम **"अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस"** के उपलक्ष्य में एक सौ रुपये और दस रुपये के सिक्कों का निर्माण नियम, 2015 है।
   (2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।
2. **सिक्कों का अंकित मूल्य—** **"अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस"** के उपलक्ष्य में केन्द्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का निर्माण भी किया जाएगा, अर्थात् :-
   (i) एक सौ रुपये;
   (ii) दस रुपये;

165-V

3. सिक्कों की विमाएं और संरचना --- नियम 2 में उल्लिखित अंकित मूल्य के सिक्के निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात् :-

सिक्के का अंकित मूल्य	आकृति और बाह्य व्यास	दांतों की संख्या	धातु संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ रुपये	वृत्ताकार 44 मिलीमीटर	200	**चतुर्थक मिश्रधातु** चांदी – 50 प्रतिशत तांबा – 40 प्रतिशत निकल – 5 प्रतिशत जस्ता – 5 प्रतिशत
दस रुपये	वृत्ताकार 27 मिलीमीटर (द्वि-धातुक)	---	**बाह्य वलय** (एल्युमिनियम कांसा) तांबा – 92 प्रतिशत एल्युमिनियम – 6 प्रतिशत निकल – 2 प्रतिशत **केंद्रीय भाग** (तांबा निकल) तांबा – 75 प्रतिशत निकल – 25 प्रतिशत

4. डिज़ाइन – सिक्कों का डिज़ाइन निम्नानुसार होगा :-

(i) <u>एक सौ रुपये</u>

<u>अग्र भाग</u>

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** मुद्रा लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाहिनी परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा और सिंह शीर्ष के नीचे रुपया का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"100"** भी होगा ।

<u>पृष्ठ भाग</u>

सिक्के के इस भाग पर "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" का लोगो और लोगो के डिजाइन के चारों ओर देवनागरी लिपि में "**सामंजस्य एवं शान्ति के लिए योग**" और "YOGA FOR HARMONY AND PEACE" उत्कीर्णित होगा। तारीख "21 June" लोगो के नीचे अंकित होगी। सिक्के के इस भाग पर बायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में "**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**" और दायीं परिधि पर अंग्रेजी में "INTERNATIONAL DAY OF YOGA" अंकित होगा। लोगो के ठीक नीचे निचली परिधि में अंतर्राष्ट्रीय अंकों में वर्ष "2015" अंकित होगा।

(ii) <u>दस रुपये</u>

<u>अग्र भाग</u>

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** मुद्रा लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाहिनी परिधि पर अँग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा । सिंह शीर्ष के नीचे रुपया का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"10"** भी होगा ।

<u>पृष्ठ भाग</u>

सिक्के के इस भाग पर "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" का लोगो और लोगो के डिजाइन के चारों ओर देवनागरी लिपि में "**सामंजस्य एवं शान्ति के लिए योग**" और "**YOGA FOR HARMONY AND PEACE**" उत्कीर्णित होगा। तारीख "21 June" लोगो के नीचे अंकित होगी। सिक्के के इस भाग पर बायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में "**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**" और दायीं परिधि

IndiaCode

पर अंग्रेजी में "INTERNATIONAL DAY OF YOGA" अंकित होगा। लोगो के ठीक नीचे निचली परिधि में अंतर्राष्ट्रीय अंकों में वर्ष "2015" अंकित होगा।

5. **मानक वजन तथा अनुमत उपचार** : **"अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस"** के उपलक्ष्य में जारी किए जाने वाले सिक्कों के निर्माण में निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का मानक वजन और ऐसे सिक्कों को बनाने में अनुमत उपचार निम्नलिखित सारणी में यथाविनिर्दिष्ट रूप में होगा, अर्थात् :-

सारणी

सिक्के का अंकित मूल्य	मानक वजन	अनुमत उपचार	
		धातु संरचना में	मानक वजन में
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ रुपये	35 ग्राम	चांदी में 1/500वां जोड़ कर या घटा कर अर्थात् चाँदी में प्रति 1000 में 498 से 502 तक का अंतर हो सकेगा।	1/100 जोड़ कर या घटा कर अर्थात् वजन में 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम तक का अंतर हो सकता है।
दस रुपये (द्वि धातुक)	7.71 ग्राम (बाह्य वलय 4.45 ग्राम और मध्य भाग 3.26 ग्राम)	**बाह्य वलय** – (एल्युमिनियम कांसा) एल्युमिनियम – 5.5 प्रतिशत से 6 प्रतिशत, निकल – 1.75 प्रतिशत से 2 प्रतिशत और शेष तांबा है। **मध्य भाग** – (तांबा निकल) तांबा और निकल दोनों के लिए 1 प्रतिशत जोड़ कर या घटा कर अर्थात् तांबे में 74 प्रतिशत से 76 प्रतिशत और निकल में 24 प्रतिशत से 26 प्रतिशत का अंतर हो सकता है।	2.5 प्रतिशत जोड़ कर या घटा कर अर्थात् वजन में 7.52 ग्राम से 7.90 ग्राम का अंतर हो सकता है।

[फा. सं. 02/09/2015-सिक्का]

ईप्सिता मित्रा, अवर सचिव (सी एंड सी)

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 10th June, 2015

G.S.R. 487(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of Section 24 of the Coinage Act, 2011 (11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:—

1. **Short title and commencement.-**

(1) These rules may be called the Coinage of One Hundred Rupees and Ten Rupees Coins to commemorate the occasion of **"INTERNATIONAL DAY OF YOGA "** Rules, 2015.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of coins** .- The coins of the following denominations shall also be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate the occasion of **"INTERNATIONAL DAY OF YOGA "** , namely:-

(i) One Hundred Rupees;

(ii) Ten Rupees.

165-E

3. **Dimension and composition of coins** .- The coins of the denominations mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely:-

Denomination of coin	Shape and outside diameter	Number of serrations	Metal composition
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Rupees	Circular 44 millimeters	200	**Quaternary Alloy** Silver - 50 per cent Copper -40 per cent Nickel - 05 per cent Zinc - 05 per cent
Ten Rupees	Circular 27 millimeters (Bi-Metallic)	---	**Outer Ring** (Aluminium Bronze) Copper- 92 per cent Aluminium-6 per cent Nickel-2 per cent **Center Piece** (Cupro Nickel) Copper-75 per cent Nickel-25 per cent

4. **Design: - The design of the coins shall be as under:-**

(i) **ONE HUNDRED RUPEES**

OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the center with the legend "**सत्यमेव जयते**" inscribed below, flanked on the left periphery with the word "**भारत**" in Devnagri script and on the right periphery flanked with the word "INDIA" in English and it shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "100" in the international numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

The face of the coin shall bear the Logo of "International Day of Yoga", with inscription **"सामंजस्य एवं शान्ति के लिए योग"** in Devnagri Script and "YOGA FOR HARMONY AND PEACE" around the logo design. The date "21 JUNE" is written at the bottom of the logo. The inscription "**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**" in Devnagri script on left periphery and "INTERNATIONAL DAY OF YOGA" in English on the right periphery is written on this face of coin. The year's figure "2015" is written on lower periphery in international numerals exactly below the Logo.

(ii) **TEN RUPEES**

OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the center with the legend "**सत्यमेव जयते**" inscribed below, flanked on the left periphery with the word "**भारत**" in Devnagri script and on the right periphery flanked with the word "INDIA" in English and it shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "10" in the international numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

The face of the coin shall bear the Logo of "International Day of Yoga", with inscription **"सामंजस्य एवं शान्ति के लिए योग"** in Devnagri Script and "YOGA FOR HARMONY AND PEACE" around the logo design. The date "21 JUNE" is written at the bottom of the logo. The inscription "**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**" in Devnagri script on left periphery and "INTERNATIONAL DAY OF YOGA" in English on the right periphery is written on this face of coin. The year's figure "2015" is written on lower periphery in international numerals exactly below the Logo.

IndiaCode

165-F

5. Standard weight and remedy allowed .-The standard weight of the coins of the following denominations, coined to commemorate the occasion of **"INTERNATIONAL DAY OF YOGA"** and the remedy allowed in making of such coins shall be as specified in the Table below:—

TABLE

Denomination of coin	Standard weight	Remedy allowed	
		In composition	In standard weight
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Rupees	35 Grams	1/500th plus or minus for Silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000.	1/100th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 34.65 grams to 35.35 grams.
Ten Rupees (Bi-Metallic)	7.71 Grams (outer ring 4.45 grams and center piece 3.26 grams)	**Outer Ring-** (Aluminium-Bronze) Aluminium 5.5 percent to 6 percent, Nickel-1.75 percent to 2 percent and remaining are copper. **Centre piece-** (Cupro-Nickel) plus or minus 1 percent for both copper and Nickel that is to say, the copper may vary from 74 percent to 76 percent and Nickel from 24 percent to 26 percent.	Plus or minus 2.5 percent that is to say, the weight could vary from 7.52 grams to 7.90 grams.

[F. No. 02/09/2015-Coin]

IPSITA MITRA, Under Secy. (C & C)

25956/1/15—2

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.